IV वाणिज्यिक बैंकों का परिचालन और प्रदर्शन

वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की आस्ति गुणवत्ता सुधरने के साथ-साथ सकल अनर्जक आस्ति (जीएनपीए) अनुपात एक दशक में सबसे कम रहा। अपेक्षाकृत उच्च निवल ब्याज आय और न्यून प्रावधानीकरण आवश्यकताओं की वजह से खुदरा और सेवा क्षेत्रों को प्रदत्त ऋण के कारण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के संयुक्त तुलन पत्र में त्वरित विस्तार हुआ जिससे लाभप्रदता बढ़ी।

1. परिचय

IV.1 वर्ष 2022-23 के दौरान, निरंतर ऋण वृद्धि के कारण वाणिज्यिक बैंकों के संयुक्त तुलन पत्र में द्विअंकीय विस्तार हुआ। कम स्लिपेज से सभी बैंक समूहों की आस्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ जिसके कारण एससीबी का जीएनपीए और कुल अग्रिम अनुपात 10 साल के निचले स्तर पर गिर गया। अपेक्षाकृत उच्च उधार दरों और कम प्रावधान आवश्यकताओं से बैंकों की लाभप्रदता सुधरी और उनकी पूंजीगत स्थिति मजबूत हुई।

IV.2 उपर्युक्त पृष्ठभूमि में, इस अध्याय में वर्ष 2022-23, और 2023-24 की पहली छमाही के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के परिचालन और प्रदर्शन की चर्चा की गई है। एससीबी के समेकित तुलन पत्र का विश्लेषण खंड 2 में प्रस्तुत किया गया है, इसके बाद खंड 3 में उनके वित्तीय प्रदर्शन का आकलन किया गया है। बैंकों की वित्तीय सुदृढ़ता और ऋण के क्षेत्रवार नियोजन के स्वरूप (पैटर्न) पर क्रमशः खंड 4 और 5 में चर्चा की गई है। खंड 6 और 7 में क्रमशः स्वामित्व के स्वरूप और कॉर्पोरेट अभिशासन की चर्चा की गई है। भारत में विदेशी बैंकों का परिचालन और भारतीय बैंकों का विदेशी परिचालन, खंड 8 में शामिल है। इसके बाद भुगतान प्रणालियों का विकास (खंड 9) और उपभोक्ता संरक्षण (खंड 10) और वित्तीय समावेशन (खंड 11) शामिल किए गए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी), लघु वित्त बैंक (एसएफबी) और भुगतान बैंक (पीबी) से संबंधित गतिविधियों की चर्चा खंड 12 से 15 में की गई है। खंड 16 में अध्याय का समापन किया गया है और भावी दृष्टिकोण व्यक्त किए गए हैं।

2. एससीबी के तुलन पत्र का विश्लेषण

IV.3 मार्च 2023 के अंत में, भारतीय वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र में 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी), 21 निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी), 44 विदेशी बैंक (एफबी), 12 एसएफबी, छह पीबी, 43 आरआरबी और दो एलएबी शामिल थे। । इन 140 वाणिज्यिक बैंकों में से 136 को अनुसूचित के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जबकि चार बैंक गैर-अनुसूचित थे[1]। वर्ष 2022-23 में एससीबी (आरआरबी को छोड़कर) के समेकित तुलन पत्र में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो नौ वर्षों में सबसे अधिक है। आस्ति पक्ष में इस वृद्धि का मुख्य चालक बैंक क्रेडिट था, जिसने एक दशक से भी अधिक समय में विस्तार की सबसे तेज़ गति दर्ज की (चार्ट IV.1ए)। जमाराशि वृद्धि में भी तेजी आई, हालांकि यह ऋण वृद्धि से पीछे रही, जिसके परिणामस्वरूप उधार की ओर झुकाव बढ़ा (चार्ट IV.1बी)। यह पीएसबी के मामले में विशेष रूप से स्पष्ट था, जहाँ जमाराशि और देयता अनुपात में कमी आई (चार्ट IV.1सी)।

[1] एससीबी को आरबीआई अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल किए जाने या अन्यथा के आधार पर अनुसूचित और गैर-अनुसूचित में वर्गीकृत किया गया है। दो पीबी - जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड और एनएसडीएल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड और दो एलएबी - कोस्टल लोकल एरिया बैंक लिमिटेड और कृष्णा भीम समृद्धि एलएबी लिमिटेड, गैर-अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक हैं।

चार्ट IV.1: एससीबी की चुनिंदा समग्र राशियां

(मार्च के अंत में)



स्रोत: संबंधित बैंकों के वार्षिक लेखा।

IV.4 एससीबी के समेकित तुलन पत्र में पीएसबी की हिस्सेदारी मार्च 2022 के अंत में 58.6 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 के अंत में 57.6 प्रतिशत हो गई, जबकि पीवीबी की हिस्सेदारी 34.0 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत हो गई। मार्च 2023 के अंत में, पीएसबी का एससीबी की कुल जमाराशि में 61.4 प्रतिशत और कुल अग्रिम में 57.9 प्रतिशत हिस्सा था (सारणी IV.1)।

2.1 देयताएं

IV.5 मई 2022 से फरवरी 2023 के दौरान नीतिगत दर में बढ़ोतरी और अधिशेष चलनिधि में कमी से प्रेरित उच्चतर मीयादी जमा दरों के कारण पीवीबी में अधिक मीयादी जमाराशि के फलस्वरूप वर्ष 2022-23 के दौरान एससीबी की कुल जमाराशि में बढ़ोतरी हुई (चार्ट IV.2)। बचत खाता जमाराशि

सारणी IV.1: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का समेकित तुलन पत्र
(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ करोड़ में)

	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के बैंक		विदेशी बैंक		लघु वित्त बैंक#		भुगतान बैंक		सभी एससीबी	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. पूंजी	71,176	71,176	31,243	32,468	1,01,933	1,11,612	5,800	7,811	4,287	4,512	2,14,439	2,27,580
2. आरक्षित निधि और अधिशेष	7,27,852	8,24,250	8,08,595	9,34,742	1,39,569	1,60,607	16,548	23,563	(2,533)	(2,404)	16,90,031	19,40,759
3. जमाराशियां	1,07,17,362	1,17,09,581	54,64,241	62,99,332	8,45,482	8,55,825	1,45,731	1,91,372	7,829	12,174	1,71,80,645	1,90,68,284
3.1. मांग जमाराशियां	7,23,258	7,48,951	7,84,134	8,85,497	2,78,677	2,89,545	5,767	7,456	30	393	17,91,866	19,31,842
3.2. बचत बैंक जमाराशियां	38,20,486	39,79,202	17,47,958	18,89,846	92,120	56,931	43,576	54,668	7,799	11,781	57,11,939	59,92,427
3.3. मीयादी जमा	61,73,618	69,81,428	29,32,149	35,23,990	4,74,685	5,09,349	96,388	1,29,248	-	-	96,76,840	1,11,44,014
4. उधारियां	7,51,301	9,03,824	7,57,261	8,12,969	1,27,467	2,08,739	27,011	31,171	307	519	16,63,348	19,57,222
5. अन्य देयताएं और प्रावधान	4,39,952	5,05,961	3,10,461	3,65,692	1,60,161	2,30,921	7,989	13,600	7,662	8,156	9,26,225	11,24,330
कुल देयताएं/ आस्तियां	**1,27,07,643**	**1,40,14,793**	**73,71,801**	**84,45,203**	**13,74,612**	**15,67,704**	**2,03,080**	**2,67,517**	**17,552**	**22,957**	**2,16,74,688**	**2,43,18,174**
	(58.6)	**(57.6)**	**(34.0)**	**(34.7)**	**(6.3)**	**(6.4)**	**(0.9)**	**(1.1)**	**(0.1)**	**(0.1)**	**(100)**	**(100)**
1. आरबीआई के पास नकद और शेष राशि	7,68,668	6,41,731	5,76,127	4,13,201	1,44,544	93,411	16,414	17,840	1,529	2,295	15,07,282	11,68,479
2. बैंको के पास शेष राशि और मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	4,96,434	4,23,343	1,60,149	2,36,221	1,16,468	1,19,332	2,531	4,538	3,228	4,963	7,78,810	7,88,397
3. निवेश	35,95,647	38,17,201	16,26,884	18,75,137	5,05,001	6,74,077	41,661	58,062	9,937	12,064	57,79,131	64,36,540
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों में (ए+बी)	29,93,865	32,22,899	13,68,853	15,87,677	4,68,711	6,31,129	36,683	52,137	9,924	12,049	48,78,036	55,05,891
ए) भारत में	29,50,409	31,65,076	13,51,118	15,73,022	3,98,009	5,88,166	36,683	52,137	9,924	12,049	47,46,144	53,90,449
बी) भारत के बाहर	43,456	57,824	17,735	14,655	70,702	42,963	-	-	-	-	1,31,892	1,15,442
3.2 अन्य स्वीकृत प्रतिभूतियों में	5	5	-	-	-	-	-	-	-	-	5	5
3.3 गैर-स्वीकृत प्रतिभूतियों में	6,01,777	5,94,296	2,58,031	2,87,460	36,290	42,948	4,978	5,925	13	15	9,01,090	9,30,644
4. ऋण और अग्रिम	70,43,940	82,83,763	45,53,541	53,66,675	4,65,484	4,91,029	1,35,802	1,77,887	2	0	1,21,98,769	1,43,19,355
4.1 खरीदे और भुनाए गए बिल	2,33,191	2,84,882	1,50,866	1,34,816	63,161	65,594	611	872	-	-	4,47,828	4,86,164
4.2 नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट आदि	26,23,878	30,14,583	13,68,315	16,98,682	2,02,940	2,08,634	12,585	18,352	-	-	42,07,717	49,40,252
4.3 मीयादी ऋण	41,86,872	49,84,298	30,34,360	35,33,177	1,99,383	2,16,801	1,22,607	1,58,663	2	0	75,43,224	88,92,940
5. अचल आस्तियां	1,09,784	1,15,288	44,456	49,347	4,964	5,624	2,001	2,735	370	564	1,61,575	1,73,558
6. अन्य आस्तियां	6,93,170	7,33,468	4,10,644	5,04,622	1,38,151	1,84,230	4,670	6,456	2,485	3,069	12,49,121	14,31,845

टिप्पणियां : 1. -: शून्य/ नगण्य।
2. #: डेटा मार्च 2022 के अंत में 11 अनुसूचित एसएफबी और मार्च 2023 के अंत में 12 अनुसूचित एसएफबी से संबंधित है।
3. वार्षिक खातों पर विस्तृत बैंक-वार डेटा एकत्र कर 'भारत में बैंकों से संबंधित सांख्यिकीय सारणियाँ' प्रकाशित की जाती हैं, जो https://www.dbie.rbi.org.in पर उपलब्ध हैं।
4. कोष्ठक के आंकड़े सभी एससीबी के विभिन्न बैंक समूहों की कुल अस्तियों/देयताओं में हिस्सेदारी हैं।

स्रोत : संबंधित बैंकों के वार्षिक लेखा।

पर ब्याज दरें - जो बैंक जमाराशि का लगभग 31.4 प्रतिशत है - काफी हद तक अपरिवर्तित रहीं, जिसकी मदद से बैंकों ने उच्च निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) दर्ज की।

2.2 आस्तियां

IV.6 वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान बैंक ऋण वृद्धि तेज रही। नवंबर 2023 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) ऋण वृद्धि

चार्ट IV.2: जमाराशि वृद्धि



टिप्पणियां : 1. डब्ल्यूएडीटीडीआर : भारित औसत घरेलू मियादी जमा दरें।
2. *: जुलाई 2023 से प्रभावी - बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव के आँकड़े शामिल नहीं हैं।

स्रोत: बैंकों और आरबीआई के वार्षिक लेखा।

16.2 प्रतिशत थी[2] (चार्ट IV.3ए)। वृद्धिशील ऋण में पीएसबी की हिस्सेदारी 2022-23 के दौरान बढ़कर नवंबर 2023 के अंत में 46.5 प्रतिशत तक पहुंच गई (चार्ट IV.3बी)।

IV.7 मार्च 2023 के अंत में, एससीबी का 81.2 प्रतिशत निवेश सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में था (सारणी IV.2)। एससीबी का एसएलआर निवेश 2022-23 में 14.2 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष में 9.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जिससे वृद्धिशील निवेश-जमाराशि (आई-डी) अनुपात में वृद्धि हुई (चार्ट IV.4)। 23 प्रतिशत की परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) सीमा को 31 मार्च 2024 तक विस्तारित किया गया और बैंकों को 1

चार्ट IV.3: ऋण वृद्धि और वृद्धिशील ऋण



टिप्पणियां: 1. अक्तूबर 2023 से बाद के डेटा अनंतिम हैं।
2. डेटा महीने के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के अनुरूप हैं।
3. डेटा में जुलाई 2023 से प्रभावी गैर-बैंक का बैंक के साथ विलय के प्रभाव को शामिल नहीं किया गया है।

स्रोत: आरबीआई की धारा 42 विवरणियां।

[2] इस डेटा में जुलाई 2023 से प्रभावी किसी गैर-बैंक के बैंक के साथ विलय के प्रभाव को शामिल नहीं किया गया है।

सारणी IV.2: एससीबी के निवेश
(मार्च के अंत में)

(राशि ₹ करोड़ में)

	पीएसबी		पीवीबी		एफबी		एसएफबी		एससीबी	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
कुल निवेश (ए+बी)	36,03,007	38,33,030	16,32,570	18,81,756	4,77,085	6,55,830	41,695	58,244	57,54,358	64,28,860
ए. एसएलआर निवेश (I+II+III)	27,87,114	30,07,757	13,40,152	15,62,365	4,06,226	5,99,061	36,711	52,151	45,70,203	52,21,335
I. केंद्र सरकार की प्रतिभूतियाँ	16,58,556	17,45,055	11,00,902	13,10,477	4,03,539	5,93,438	28,223	40,013	31,91,220	36,88,982
II. राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ	11,26,852	12,60,787	2,39,249	2,51,889	2,687	5,623	8,487	12,139	13,77,276	15,30,437
III. अन्य स्वीकृत प्रतिभूतियाँ	1,707	1,916	-	-	-	-	-	-	1,707	1,916
बी. गैर-एसएलआर निवेश (I+II)	8,15,893	8,25,273	2,92,419	3,19,390	70,858	56,769	4,985	6,093	11,84,154	12,07,525
I. ऋण प्रतिभूतियाँ	7,61,390	7,68,545	2,75,903	3,03,474	70,482	56,404	4,922	6,016	11,12,698	11,34,439
II. इक्विटी	54,503	56,728	16,515	15,916	376	365	62	77	71,456	73,087

स्रोत: परोक्ष विवरणियां (वैश्विक परिचालन), आरबीआई।

सितंबर 2020 और 31 मार्च 2024 के बीच अर्जित प्रतिभूतियों को बढ़ी हुई एचटीएम सीमा के भीतर शामिल करने की अनुमति दी गई थी[3]।

IV.8 मजबूत ऋण वृद्धि के कारण बैंकों का ऋण और जमाराशि (सी-डी) अनुपात नवंबर 2022 के अंत के 74.9 प्रतिशत से बढ़कर नवंबर 2023 के अंत में 77.0 प्रतिशत हो गया (चार्ट IV.4)।

चार्ट IV.4: ऋण-जमाराशि और निवेश-जमाराशि अनुपात



टिप्पणी: इस डेटा में जुलाई 2023 से प्रभावी, बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय का प्रभाव, शामिल नहीं किया गया है।
स्रोत: साप्ताहिक सांख्यिकी संपूरक, आरबीआई।

2.3 आस्ति और देयताओं का परिपक्वता विवरण

IV.9 आस्तियों और देयताओं की परिपक्वता में बेमेल बैंकिंग क्षेत्र के लिए स्वाभाविक है क्योंकि जमाराशि – जो उनके धन का प्राथमिक स्रोत है – की लघु से मध्यम अवधि की परिपक्वता होती है, जबकि उनके ऋणों की चुकौती की समय-सीमा आम तौर पर मध्यम अवधि तक विस्तारित होती है। चूंकि, आस्ति और देयता में बेमेल, ब्याज दर जोखिम और चलनिधि जोखिम का खतरा उत्पन्न करता है, इसलिए चौकस निगरानी और प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। वर्ष 2022-23 के दौरान, अल्पावधि बकेट में परिपक्वता बेमेल कम हुआ[4]। पाँच वर्षों से अधिक की परिपक्वता अवधि में आस्तियों और देयताओं के बीच अंतराल बढ़ गया क्योंकि बैंकों ने दीर्घावधिक उधारियां ली (चार्ट IV.5)।

IV.10 एसएफबी को छोडकर सभी बैंक समूहों ने, मध्यम से लंबी अवधि के उधार के सापेक्ष अल्पावधिक उधार पर अधिक निर्भरता दिखायी, हालांकि पीवीबी में वर्ष 2022-23 के दौरान मध्यम और दीर्घ अवधि का उधार बढ़ा। पीएसबी का निवेश आम

[3] वाणिज्यिक बैंकों को 1 सितंबर 2020 और 31 मार्च 2021 के बीच अर्जित एसएलआर पात्र प्रतिभूतियों के लिए एनडीटीएल के 22 प्रतिशत की बढ़ी हुई एचटीएम सीमा की प्रारंभिक विशेष छूट दी गई थी। इस सीमा को अप्रैल 2022 में 23 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया था और इसे 31 मार्च 2024 तक उपलब्ध कराया गया था।

[4] अल्पावधि को 1 वर्ष तक, मध्यम अवधि को 1-5 वर्ष और दीर्घ अवधि को 5 वर्ष से अधिक के रूप में परिभाषित किया गया है।

चार्ट IV.5: परिपक्वतावार आस्तियों और देयताओं के अंतराल



टिप्पणियां: 1. आस्तियों में ऋण और अग्रिम और निवेश शामिल हैं। देयताओं में जमाराशि और उधार शामिल हैं।
2. अंतराल की गणना आस्तियों से देयताओं को घटा कर की जाती है।
स्रोत: बैंकों के वार्षिक लेखा।

तौर पर लंबी अवधि के लिखतों (इंस्ट्रूमेंट) में होता है, जबकि निजी क्षेत्र के समकक्षी बैंक अल्पावधिक एक्सपोजर को वरीयता देते हैं (सारणी IV.3)।

2.4 अंतरराष्ट्रीय देयताएं और आस्तियां

IV.11 वर्ष 2022-23 में, विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) (एफसीएनआर (बी)) जमाराशियों में 28.5 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के कारण भारतीय बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताओं में द्विअंकीय वृद्धि हुई, जो कि पिछले वर्ष में (-) 21.2 प्रतिशत की गिरावट से उलट है। रिज़र्व बैंक ने, 31 अक्टूबर 2022 तक की वृद्धिशील एफसीएनआर (बी) जमाराशियों पर, ब्याज दर उपरी-सीमा को अस्थायी रूप से वापस ले लिया जो 07 जुलाई 2022 से प्रभावी हुआ। इससे एफसीएनआर (बी) जमाराशियां अपेक्षाकृत पसंदीदा बन गईं।

IV.12 अंतरराष्ट्रीय देयताओं में वृद्धि को प्रभावित करने वाला एक अन्य कारक, अनिवासियों द्वारा धारित बैंकों की इक्विटी में 20.0 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि थी, जो पिछले वर्ष में 8.7 प्रतिशत थी। नवीनतम बीआईएस दिशानिर्देशों के आधार पर, बाज़ार चिह्नित (एमटीएम) डेरिवेटिव को भी सितंबर 2022 से अंतरराष्ट्रीय देयताओं में शामिल किया गया है, जो मार्च 2023 के अंत तक उनकी देयताओं का 3.4 प्रतिशत था (परिशिष्ट सारणी IV.2)।

सारणी IV.3: चुनिंदा देयताओं/आस्तियों का बैंक समूह-वार परिपक्वता विवरण
(मार्च के अंत में)

(प्रतिशत)

आस्तियां/देयताएँ	पीएसबी		पीवीबी		एफ़बी		एसएफ़बी		पीबी		सभी एससीबी	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
I. जमाराशियां												
ए) 1 वर्ष तक	35.0	36.4	32.3	33.0	62.8	65.8	50.2	42.2	11.8	15.5	35.6	36.7
बी) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	21.9	21.1	30.2	31.2	29.2	26.1	46.0	54.9	88.2	84.5	25.2	25.0
सी) 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	12.7	12.8	9.7	9.1	8.0	8.1	1.6	1.8	0.0	0.0	11.4	11.2
डी) 5 वर्ष से अधिक	30.5	29.7	27.8	26.7	0.0	0.0	2.2	1.1	0.0	0.0	27.9	27.1
II. उधारियाँ												
ए) 1 वर्ष तक	54.3	62.2	50.0	45.9	80.5	90.5	37.1	38.8	100.0	100.0	54.1	58.1
बी) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	22.9	16.7	29.2	32.6	16.3	7.6	49.5	50.6	0.0	0.0	25.7	22.9
सी) 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	14.0	8.5	11.5	10.3	1.6	0.7	9.2	5.4	0.0	0.0	11.8	8.3
डी) 5 वर्ष से अधिक	8.8	12.6	9.3	11.2	1.6	1.2	4.2	5.2	0.0	0.0	8.4	10.7
III. ऋण और अग्रिम												
ए) 1 वर्ष तक	25.2	28.3	30.4	28.4	53.3	56.1	38.2	36.5	100.0	100.0	28.3	29.4
बी) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	35.4	34.2	33.8	36.7	24.4	24.0	35.8	36.0	0.0	0.0	34.4	34.8
सी) 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	15.1	14.1	13.4	12.5	10.3	10.0	11.1	10.5	0.0	0.0	14.2	13.3
डी) 5 वर्ष से अधिक	24.4	23.4	22.3	22.4	12.1	9.9	14.9	17.1	0.0	0.0	23.0	22.5
IV. निवेश												
ए) 1 वर्ष तक	25.2	26.1	48.8	55.3	84.6	86.4	53.8	61.6	98.7	99.5	37.4	41.4
बी) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	16.4	14.7	22.4	19.1	10.3	8.2	25.6	27.0	0.8	0.1	17.6	15.4
सी) 3 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक	13.2	12.9	7.8	7.1	1.7	1.3	4.9	5.5	0.1	0.0	10.6	9.9
डी) 5 वर्ष से अधिक	45.2	46.3	21.0	18.5	3.4	4.2	15.7	5.9	0.3	0.4	34.4	33.4

टिप्पणी: आंकड़े तुलन पत्र के प्रत्येक घटक में प्रत्येक परिपक्वता बकेट की हिस्सेदारी दर्शाते हैं।
स्रोत: बैंकों के वार्षिक लेखा।

IV.13 दूसरी ओर, भारत में बैंकों की अंतरराष्ट्रीय आस्तियां वर्ष 2022-23 में 13.1 प्रतिशत घट गईं, जबकि एक साल पहले इसमें 9.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2022-23 में आस्तियों में गिरावट विदेशी ऋणों में मंदी और अंतरराष्ट्रीय ऋण प्रतिभूतियों की कम होल्डिंग के कारण थी क्योंकि बैंकों ने घरेलू ऋण को निधि देने के लिए संसाधनों का उपयोग किया (परिशिष्ट सारणी IV.3)। परिणामस्वरूप, भारत में बैंकों की अंतरराष्ट्रीय आस्तियों और देयताओं का अनुपात क्रमिक तीन वर्षों तक बढ़ने के बाद मार्च 2023 के अंत में कम हो गया (चार्ट IV.6)।

चार्ट IV.6: भारतीय बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताएं और आस्तियां



स्रोत: डीबीआईई और बैंकों के वार्षिक लेखा।

IV.14 सिंगापुर को छोड़कर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बैंकों के समेकित अंतरराष्ट्रीय दावों में गिरावट आई (परिशिष्ट सारणी IV.4)। मार्च 2023 के अंत में, उनके दावे बैंकों से हटकर गैर-वित्तीय निजी संस्थानों की ओर स्थानांतरित हो गए (चार्ट IV.7ए)। लंबी अवधि के परिपक्वता दावों के अनुपात में वृद्धि हुई, हालांकि अल्पावधिक-दावा वाली कोटि की प्रधानता बनी रही (परिशिष्ट सारणी IV.5 और चार्ट IV.7बी)।

2.5 तुलन पत्र से इतर परिचालन

IV.15 वायदा विनिमय मुद्रा में वृद्धि के कारण वर्ष 2022-23 में एससीबी की आकस्मिक देयताएं 22.4 प्रतिशत बढ़ीं (चार्ट IV.8ए)। तुलन पत्र के आकार के अनुपात में, एससीबी की आकस्मिक देयताएं मार्च 2022 के अंत में 132.8 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 के अंत में 144.8 प्रतिशत हो गईं, साथ ही पीएसबी की आकस्मिक देयताएं 2021-22 में 41.5 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 36.5 प्रतिशत हो गईं (परिशिष्ट सारणी IV.6)। एफबी की आकस्मिक देयताएं उनके तुलन पत्र

चार्ट IV.7: भारतीय बैंकों के समेकित अंतरराष्ट्रीय दावे
(मार्च के अंत में)



स्रोत: बैंकों के वार्षिक लेखा और डीबीआईई।

चार्ट IV.8: बैंकों की तुलनपत्रेतर देयताएं



स्रोत: बैंकों के वार्षिक लेखा।

के आकार की 12 गुना से अधिक हैं और बैंकिंग प्रणाली की कुल तुलन पत्रेतर (ओबीएस) एक्सपोजर का 55.3 प्रतिशत हैं (चार्ट IV.8बी)।

3. वित्तीय प्रदर्शन

IV.16 एससीबी की लाभप्रदता में सुधार का रुझान, जो 2019-20 में शुरू हुआ था, 2022-23 में लगातार चौथे वर्ष जारी रहा, जिसमें अपेक्षाकृत उच्च आय, अपेक्षाकृत न्यून प्रावधानीकरण और आकस्मिताओं से सहायता मिली। आस्ति पर प्रतिलाभ (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) दोनों में 2022-23 में सुधार हुआ (चार्ट IV.9)।

IV.17 एससीबी द्वारा खर्च किया गया ब्याज, लगातार दो वर्षों (2020-21 और 2021-22) के लिए कम हो गया था, जो कि उदार मौद्रिक नीति रुख को दर्शाता है। ब्याज दर चक्र में बदलाव के कारण, 2022-23 में ब्याज आय और ब्याज व्यय दोनों में वृद्धि हुई; चूँकि ब्याज आय में विस्तार ब्याज व्यय से अधिक था,

चार्ट IV.9: लाभप्रदता अनुपात



टिप्पणी: जुलाई 2023 में बैंक के साथ एक गैर-बैंक के विलय के कारण सितंबर 2023 तिमाही के लिए एससीबी के आंकड़ों की तुलना पहले की अवधि से नहीं की जा सकती है।
स्रोत: परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

सारणी IV.4: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के आय और व्यय में रुझान

(राशि ₹ करोड़ में)

	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के बैंक		विदेशी बैंक		लघु वित्त बैंक #		भुगतान बैंक		सभी एससीबी	
	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1. आय	8,31,900	9,71,421	5,72,284	6,90,557	79,484	1,08,268	25,107	33,806	4,952	5,965	15,13,725	18,10,018
	(0.2)	(16.8)	(5.6)	(20.7)	(-1.1)	(36.2)	(12.0)	(34.6)	(393.2)	(20.5)	(2.5)	(19.6)
ए) ब्याज आय	7,09,132	8,51,078	4,70,940	5,81,732	65,842	83,425	22,120	29,806	446	860	12,68,480	15,46,901
	(0.3)	(20.0)	(4.3)	(23.5)	(3.4)	(26.7)	(13.3)	(34.7)	(343.3)	(92.7)	(2.1)	(21.9)
बी) अन्य आय	1,22,768	1,20,343	1,01,344	1,08,825	13,642	24,843	2,986	4,000	4,505	5,105	2,45,245	2,63,117
	(-0.3)	(-2.0)	(11.9)	(7.4)	(-18.2)	(82.1)	(3.2)	(34.0)	(398.7)	(13.3)	(4.7)	(7.3)
2. व्यय	7,65,360	8,66,772	4,76,060	5,66,421	61,099	78,123	24,133	29,644	5,041	5,844	13,31,693	15,46,804
	(-4.2)	(13.3)	(0.7)	(19.0)	(-0.5)	(27.9)	(18.4)	(22.8)	(286.6)	(15.9)	(-1.7)	(16.2)
ए) खर्च किया गया ब्याज	4,11,181	4,87,690	2,24,231	2,75,391	21,482	31,814	9,513	12,140	156	246	6,66,563	8,07,280
	(-4.7)	(18.6)	(-3.5)	(22.8)	(-0.4)	(48.1)	(4.3)	(27.6)	(181.4)	(57.5)	(-4.1)	(21.1)
बी) परिचालन व्यय	2,20,091	2,44,064	1,56,614	2,02,616	24,972	27,958	9,813	13,152	4,882	5,579	4,16,372	4,93,369
	(8.0)	(10.9)	(20.1)	(29.4)	(11.8)	(12.0)	(30.0)	(34.0)	(290.3)	(14.3)	(13.9)	(18.5)
जिनमें से : वेतन बिल	1,32,772	1,44,686	58,849	70,610	9,180	10,028	5,305	6,707	788	914	2,06,895	2,32,944
	(6.5)	(9.0)	(17.0)	(20.0)	(16.3)	(9.2)	(23.3)	(26.4)	(98.1)	(15.9)	(10.4)	(12.6)
सी) प्रावधान और आकस्मिकताएं	1,34,088	1,35,018	95,216	88,415	14,645	18,351	4,807	4,352	3	20	2,48,758	2,46,155
	(-17.8)	(0.7)	(-13.2)	(-7.1)	(-16.3)	(25.3)	(29.6)	(-9.5)	(-228.9)	(556.9)	(-15.4)	(-1.1)
3. परिचालन लाभ	2,00,628	2,39,667	1,91,439	2,12,551	33,030	48,496	5,781	8,514	(87)	141	4,30,791	5,09,369
	(3.0)	(19.5)	(6.8)	(11.0)	(-9.4)	(46.8)	(0.6)	(47.3)	(-71.4)	(-263.0)	(3.6)	(18.2)
4. निवल लाभ	66,540	1,04,649	96,223	1,24,136	18,385	30,145	974	4,162	(90)	121	1,82,032	2,63,214
	(109.1)	(57.3)	(38.5)	(29.0)	(-3.1)	(64.0)	(-52.2)	(327.6)	(-70.2)	(-235.6)	(49.2)	(44.6)
5. निवल ब्याज आय (एनआईआई)	2,97,950	3,63,388	2,46,708	3,06,341	44,360	51,611	12,608	17,666	290	615	6,01,917	7,39,621
	(8.1)	(22.0)	(12.6)	(24.2)	(5.3)	(16.3)	(21.2)	(40.1)	(541.7)	(111.7)	(10.0)	(22.9)
6. निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) (प्रतिशत)	2.4	2.7	3.6	3.9	3.4	3.5	6.9	7.5	2.7	3.0	2.9	3.2

टिप्पणियां: 1. #: डेटा मार्च 2022 के अंत में 11 अनुसूचित एसएफबी और मार्च 2023 के अंत में 12 अनुसूचित एसएफबी से संबंधित है।
2. एनआईएम को औसत आस्तियों के प्रतिशत में एनआईआई के रूप में परिभाषित किया गया है।
3. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत भिन्नताओं को दर्शाते हैं।

स्रोत: संबंधित बैंकों के वार्षिक लेखा।

2022-23 में निवल ब्याज आय पिछले वर्ष की तुलना में अधिक थी (सारणी IV.4)।

IV.18 पर्यवेक्षी डेटा से संकेत मिलता है कि ऋण और अग्रिम से ब्याज आय 2022-23 के दौरान 24.0 प्रतिशत और निवेश से 14.6 प्रतिशत बढ़ी। दूसरी ओर, ब्याज व्यय 18.1 प्रतिशत बढ़ गया[5]। शेष राशि पर, बैंकों का एनआईएम 2022-23 में 36 बीपीएस बढ़कर 3.8 प्रतिशत तक पहुंच गया (चार्ट IV.10)।

IV.19 वर्ष 2022-23 के दौरान, कम स्लिपेज के साथ-साथ अधिक राइट-ऑफ, उन्नयन और वसूली के कारण एससीबी के प्रावधानों में गिरावट आई। इससे बैंकों का निवल लाभ बढ़ा[6], साथ ही उच्च आय से भी सहयोग मिला (चार्ट IV.11ए)। इसके

[5] पर्यवेक्षी ओएसएमओएस डेटा पर आधारित, जो सारणी IV.4 में वार्षिक खातों के डेटा से मेल नहीं खा सकता है।

[6] निवल लाभ = प्रावधानों और करों से पहले की आय (ईबीपीटी) - प्रावधान – राईट ऑफ (बट्टे खाते में डालना)

चार्ट IV.10: निवल ब्याज आय और एनआईएम



स्रोत: परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

अलावा, जैसे-जैसे आस्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ, प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) (राइट-ऑफ समायोजित किए बिना) सितंबर 2023 के अंत तक बढ़कर 75.3 प्रतिशत हो गया (चार्ट IV.11बी)।

IV.20 एससीबी में निधियों पर प्रतिलाभ और निधियों की लागत के बीच स्प्रेड बढ़ गया। अन्य बैंक समूहों की तुलना में एसएफबी में स्प्रेड व्यापक था, जो अग्रिमों पर अपेक्षाकृत उच्च ब्याज दरों को दर्शाता है (सारणी IV.5)।

चार्ट IV.11: लाभप्रदता और प्रावधान



टिप्पणी: प्रावधान कवरेज अनुपात बट्टे खाते से समायोजित नहीं है।
स्रोत: परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

सारणी IV.5: निधियों की लागत और निधियों पर प्रतिलाभ - बैंक समूह-वार

(प्रतिशत)

बैंक समूह/वर्ष		जमाराशियों की लागत	उधारियों की लागत	निधियों की लागत	अग्रिमों पर प्रतिलाभ	निवेशों पर प्रतिलाभ	निधियों पर प्रतिलाभ	स्प्रेड (कॉलम 8-5)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पीएसबी	2021-22	3.7	4.2	3.7	6.9	6.1	6.6	2.9
	2022-23	3.9	6.2	4.1	7.6	6.3	7.2	3.1
पीवीबी	2021-22	3.7	5.2	3.9	8.5	5.8	7.7	3.9
	2022-23	3.8	6.4	4.1	9.2	6.3	8.4	4.3
एफ़बी	2021-22	2.1	3.6	2.3	7.0	5.7	6.3	4.0
	2022-23	2.9	4.1	3.1	8.2	5.8	6.9	3.7
एसएफ़बी	2021-22	5.9	7.1	6.1	15.9	5.9	13.6	7.5
	2022-23	5.9	7.3	6.1	16.5	6.7	14.2	8.0
पीबी	2021-22	2.9	2.8	2.9	5.2	5.1	5.1	2.2
	2022-23	2.1	7.8	2.4	6.0	5.6	5.6	3.3
सभी एससीबी	2021-22	3.6	4.6	3.7	7.6	6.0	7.0	3.3
	2022-23	3.8	6.1	4.0	8.3	6.3	7.7	3.6

टिप्पणियां: 1. जमाराशियों की लागत = जमाराशियों पर दिया गया ब्याज / वर्तमान और पिछले वर्षों की जमाराशियों का औसत।
2. उधार की लागत = (व्यय किया गया ब्याज – जमाराशि पर ब्याज) / वर्तमान और पिछले वर्षों की उधारियों का औसत।
3. निधियों की लागत = खर्च किया गया ब्याज / (वर्तमान और पिछले वर्षों की जमाराशियां + उधारियों का औसत)।
4. अग्रिमों पर प्रतिलाभ = अग्रिमों पर अर्जित ब्याज / वर्तमान और पिछले वर्षों के अग्रिमों का औसत।
5. निवेशों पर प्रतिलाभ = निवेशों पर अर्जित ब्याज / वर्तमान और पिछले वर्षों के निवेशों का औसत।
6. निधियों पर प्रतिलाभ = (अग्रिमों पर अर्जित ब्याज + निवेशों पर अर्जित ब्याज)/ वर्तमान और पिछले वर्षों के अग्रिमों + निवेशों का औसत)।

स्रोत: संबंधित बैंकों के तुलन पत्र से की गई गणना।

4. सुदृढ़ता संकेतक

IV.21 वर्ष 2022-23 के दौरान, एससीबी ने अपने पूंजी बफर को मजबूत किया, आस्ति की गुणवत्ता में सुधार किया और पर्याप्त चलनिधि आस्ति बनाए रखी। मार्च 2023 के अंत में, मार्च 2022 के अंत की तुलना में कोई बैंक त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) ढांचे के अंतर्गत नहीं था।

4.1 पूंजी पर्याप्तता

IV.22 एससीबी का जोखिम-भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) के साथ-साथ टीयर I पूंजी अनुपात समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालाँकि, सभी बैंक समूह अच्छी तरह से पूंजीकृत रहे, पीवीबी के सीआरएआर में, उनकी पूंजीगत निधियों की तुलना में जोखिम भारित आस्तियों (आरडब्ल्यूए) में अधिक वृद्धि के कारण, मामूली गिरावट आई (सारणी IV.6)।

सारणी IV.6: एससीबी की घटक-वार पूंजी पर्याप्तता

(मार्च अंत में)

(राशि ₹ करोड़ में)

	पीएसबी		पीवीबी		एफ़बी		एससीबी	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023	2022	2023
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. पूंजीगत निधियां	**8,67,386**	**10,16,789**	**8,80,664**	**10,20,953**	**2,19,852**	**2,43,109**	**19,93,133**	**23,13,517**
i) टीयर I पूंजी	7,12,071	8,47,783	8,06,269	9,11,271	2,01,206	2,20,750	17,41,694	20,08,618
ii) टीयर II पूंजी	1,55,315	1,69,006	74,395	1,09,681	18,647	22,359	2,51,440	3,04,899
2. जोखिम भारित आस्तियां	**59,32,875**	**65,48,771**	**46,90,393**	**54,85,172**	**11,09,550**	**12,26,073**	**1,18,43,786**	**1,34,00,008**
3. सीआरएआर (2 के % के रूप में 1)	**14.6**	**15.5**	**18.8**	**18.6**	**19.8**	**19.8**	**16.8**	**17.3**
जिनमें से : टीयर I	12	13	17.2	16.6	18.1	18	14.7	15.0
टीयर II	2.6	2.6	1.6	2	1.7	1.8	2.1	2.3

स्रोत: परोक्ष विवरणियां, आरबीआई।

चार्ट IV.12: बैंक समूहवार सीआरएआर और सीईटी1 अनुपात

(मार्च के अंत तक)



टिप्पणियां: 1. बॉक्स प्लॉट में, बॉक्स पहले और तीसरे चतुर्थक (इंटरक्वेर्टाइल रेंज) के बीच की दूरी दिखाते हैं। व्हीस्कर्स अधिकतम और न्यूनतम मान (आउटलेर्स को छोड़कर) दर्शाती हैं। वे प्रेक्षण जो अंतर-चतुर्थक सीमा से 1.5 गुना से अधिक हैं, व्हीस्कर्स से परे होते हैं और आउटलेयर माने जाते हैं। प्रत्येक बॉक्स के अंदर क्षैतिज रेखा माध्यिका दिखाती है, जबकि 'X' माध्य दिखाता है।

2. बेहतर निरूपण के लिए, 2020-21 में एक आउटलेयर को पीवीबी से हटा दिया गया है।

स्रोत: परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

पर्यवेक्षी डेटा से संकेत मिलता है कि एससीबी का सीआरएआर सितंबर 2023 के अंत में 16.8 प्रतिशत तक पहुंच गया।

IV.23 मार्च 2023 के अंत में, सभी बैंक समूहों ने विनियामकीय सीआरएआर और सामान्य इक्विटी टीयर 1 (सीईटी1) अपेक्षा को पूरा किया। हालांकि, बैंक समूहों में बैंकों की पूंजीगत स्थिति में विस्तार संकुचित हुआ, पीवीबी में पीएसबी की तुलना में अधिक विस्तार जारी रहा। पीवीबी के सीआरएआर और सीईटी1 अनुपात के पहले चतुर्थक का स्तर पीएसबी के तीसरे चतुर्थक से अधिक था, जो पूर्व (पीवीबी) के मजबूत पूंजी बफ़र को दर्शाता है (चार्ट IV.12 ए और बी)।

IV.24 कर्ज़ का निजी आबंटन, पात्र संस्थागत आबंटन और इक्विटी का अधिमानी आबंटन के माध्यम से बैंकों द्वारा जुटाए गए संसाधनों में 2022-23 के दौरान लगातार दूसरे वर्ष तेजी आई। हालाँकि 2022-23 में पीएसबी द्वारा निर्गमों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन जुटाई गई कुल राशि में वृद्धि हुई (सारणी IV.7)।

सारणी IV.7: बैंकों द्वारा जुटाए गए संसाधन

(राशि ₹ करोड़ में)

	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24 (अक्तूबर तक)	
	निर्गमों की संख्या	जुटाई गयी राशि	निर्गमों की संख्या	जुटाई गयी राशि	निर्गमों की संख्या	जुटाई गयी राशि	निर्गमों की संख्या	जुटाई गयी राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पीएसबी	37	59,528	33	69,069	27	70,260	11	44,206
पीवीबी	9	41,232	17	41,684	14	52,903	7	16,590
विदेशी बैंक	-	-	-	-	2	224	-	-
कुल	**46**	**1,00,760**	**50**	**1,10,753**	**43**	**1,23,387**	**18**	**60,796**

टिप्पणियां: 1. इसमें कर्ज़ का निजी प्लेसमेंट, योग्य संस्थागत प्लेसमेंट और अधिमानी आबंटन शामिल हैं।

2. 2023-24 के लिए डेटा अनंतिम हैं।

स्रोत: सेबी, बीएसई और एनएसई।

सारणी IV.8: लीवरेज अनुपात और चलनिधि व्याप्ति अनुपात

(प्रतिशत)

	लीवरेज अनुपात				चलनिधि व्याप्ति अनुपात			
	मार्च -21	मार्च -22	मार्च -23	सितं -23	मार्च -21	मार्च -22	मार्च -23	सितं -23
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पीएसबी	5.0	5.1	5.6	5.5	169.8	155.8	153.5	141.3
पीवीबी	9.7	9.7	9.6	9.5	136.1	127.7	127.9	122.9
एफबी	10.7	11.0	10.8	10.3	178.8	171.0	154.6	144.9
सभी एससीबी	7.0	7.2	7.4	7.4	158.9	147.1	144.6	135.4

स्रोत : परोक्ष विवरणियां (वैश्विक परिचालन), आरबीआई।

4.2 लीवरेज और चलनिधि

IV.25 लीवरेज अनुपात (एलआर) - कुल एक्सपोज़र के अनुपात के रूप में टीयर 1 पूंजी - एक गैर-जोखिम आधारित बैकस्टॉप उपाय है जो बेसल III जोखिम आधारित पूंजी ढांचे का पूरक है। भारत में घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों (डी-एसआईबी) को, बेसल III की 3 प्रतिशत की सिफारिश की तुलना में, इसे 4 प्रतिशत और अन्य बैंकों को 3.5 प्रतिशत पर बनाए रखना आवश्यक है। मार्च 2023 के अंत में, सभी बैंक समूहों ने न्यूनतम अपेक्षा को पूरा किया (सारणी IV.8)।

IV.26 चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि बैंकों के पास उच्च गुणवत्ता वाली चलनिधि आस्ति (एचक्यूएलए) का पर्याप्त भंडार रहे, ताकि वे 30 कैलेंडर दिनों तक चलने वाले महत्वपूर्ण चलनिधि दबाव की अवधि का सामना करने में सक्षम हो सकें। मार्च 2023 के अंत में, सभी बैंक समूहों के पास धारित एचक्यूएलए, 30 दिनों के निवल नकदी बहिर्प्रवाह का 100 प्रतिशत की निर्धारित आवश्यकता से काफी अधिक था (सारणी IV.8)।

IV.27 निवल स्थिर निधीयन अनुपात (एनएसएफआर) – आवश्यक स्थिर निधीयन के लिए उपलब्ध स्थिर निधीयन का अनुपात - अल्पावधिक थोक निधीयन पर बैंकों की अत्यधिक निर्भरता को सीमित करता है, सभी ऑन- और ऑफ-तुलन पत्र मदों में निधीयन जोखिम के बेहतर मूल्यांकन को प्रोत्साहित करता है, और निधीयन स्थिरता को बढ़ावा देता है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, भारत में बैंकों को, एनएसएफआर को न्यूनतम 100 प्रतिशत पर बनाए रखना आवश्यक है। मार्च 2023 के अंत में, सभी बैंक समूहों ने इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया था (सारणी IV.9)।

4.3 अनर्जक आस्तियां

IV.28 बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में उनके जीएनपीए अनुपात के आधार पर जो सुधार वर्ष 2018-19 में शुरू हुआ था, वह वर्ष 2022-23 के दौरान जारी रहा। एससीबी का जीएनपीए अनुपात मार्च 2023 के अंत में गिरकर दशक के सबसे निचले स्तर- 3.9 प्रतिशत पर और सितंबर 2023 के अंत तक 3.2 प्रतिशत पर आ गया। वर्ष 2022-23 के दौरान, एससीबी के जीएनपीए में लगभग 45 प्रतिशत की कमी, वसूली और उन्नयन (अपग्रेडेशन) की बदौलत आयी (सारणी IV.10)।

सारणी IV.9: निवल स्थिर निधीयन अनुपात

(मार्च 2023 के अंत तक)

(राशि ₹ करोड़ में)

	उपलब्ध स्थिर निधीयन	अपेक्षित स्थिर निधीयन	नएफएसआर (प्रतिशत)
1	2	3	4
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	1,05,60,943	81,99,214	128.8
निजी क्षेत्र के बैंक	61,38,281	47,68,581	128.7
विदेशी बैंक	6,54,059	5,12,992	127.5
लघु वित्त बैंक	1,96,403	1,49,046	131.8
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	**1,75,49,686**	**1,36,29,833**	**128.8**

स्रोत: परोक्ष विवरणियां, आरबीआई।

सारणी IV.10: अनर्जक आस्तियों में उतार-चढ़ाव - बैंक-समूह वार

(राशि ₹ करोड़ में)

	पीएसबी	पीवीबी	एफ़बी	एसएफ़बी#	सभी एससीबी
1	2	3	4	5	6
कुल एनपीए					
2021-22 के लिए अंतिम शेष	5,42,174	1,80,769	13,786	6,911	7,43,640
2022-23 के लिए प्रारंभिक शेष	5,42,174	1,80,769	13,786	10,684	7,47,413
वर्ष 2022-23 के दौरान योग	98,291	1,10,064	5,971	6,901	2,21,228
वर्ष 2022-23 के दौरान कमी (i+ii+iii)	2,12,268	1,65,619	10,231	8,977	3,97,095
i. वसूलीकृत	61,195	40,447	5,844	2,368	1,09,853
ii. उन्नयन	23,084	41,225	3,102	2,639	70,049
iii. बट्टे खाते में	1,27,990	83,947	1,286	3,970	2,17,193
2022-23 के लिए अंतिम शेष	4,28,197	1,25,214	9,526	8,608	5,71,546
कुल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में कुल एनपीए*					
2021-22 के लिए अंतिम शेष	7.3	3.8	2.9	4.9	5.8
2022-23 के लिए अंतिम शेष	5.0	2.3	1.9	4.7	3.9
निवल एनपीए					
2021-22 के लिए अंतिम शेष	1,54,745	43,738	3,023	2,725	2,04,231
2022-23 के लिए अंतिम शेष	1,02,532	29,507	1,672	1,622	1,35,333
निवल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में निवल एनपीए					
2021-22	2.2	1.0	0.6	2.0	1.7
2022-23	1.2	0.5	0.3	0.9	0.9

टिप्पणियां: 1. #: डेटा में अनुसूचित एसएफबी शामिल हैं।
2. *: संबंधित बैंकों के वार्षिक खातों से कुल एनपीए और परोक्ष विवरणियां (वैश्विक परिचालन) से कुल अग्रिम लेकर गणना की गई है।
3. एसएफबी के जीएनपीए में 2021-22 के लिए अंतिम शेष और 2022-23 के लिए आरंभिक शेष में अंतर, 06 जुलाई 2022 को 2022-23 के लिए आरंभिक शेष के साथ, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में एक नए एसएफबी को शामिल करने के कारण है।

स्रोत: बैंकों के वार्षिक खाते और परोक्ष विवरणियां (वैश्विक परिचालन), आरबीआई।

IV.29 स्लिपेज अनुपात - जो वर्ष की शुरुआत में, मानक अग्रिमों का हिस्सा के रूप में एनपीए में नई अभिवृद्धि को मापता है - 2022-23 के दौरान और आगे छमाही1: 2023-24 में कम हुआ (चार्ट IV.13ए)। राइट ऑफ, उन्नयन और वसूली के कारण एनपीए में गिरावट आई (चार्ट IV.13बी)।

चार्ट IV.13: जीएनपीए में कमी



स्रोत: परोक्ष विवरणियां (वैश्विक परिचालन) और बैंकों के वार्षिक लेखा।

सारणी IV.11: बैंक-समूह वार ऋण आस्तियों का वर्गीकरण

(राशि ₹ करोड़ में)

बैंक समूह	मार्च अंत	मानक आस्तियां		अवमानक आस्तियां		संदिग्ध आस्तियां		हानि आस्तियां	
		राशि	प्रतिशत*	राशि	प्रतिशत*	राशि	प्रतिशत*	राशि	प्रतिशत*
पीएसबी	2022	61,96,644	92.4	75,855	1.1	3,29,369	4.9	1,02,403	1.5
	2023	72,86,427	94.8	62,444	0.8	2,28,806	3.0	1,10,054	1.4
पीवीबी	2022	43,63,690	96.3	41,251	0.9	77,394	1.7	50,619	1.1
	2023	51,99,732	97.8	34,288	0.6	52,469	1.0	29,033	0.5
एफ़बी	2022	4,62,299	97.1	3,649	0.8	7,953	1.7	2,184	0.5
	2023	4,89,212	98.1	1,697	0.3	6,648	1.3	1,182	0.2
एसएफ़बी**	2022	1,33,092	95.1	5,039	3.6	1,833	1.3	39	0.0
	2023	1,76,199	95.3	3,035	1.6	2,491	1.3	3,082	1.7
सभी एससीबी	2022	1,11,55,725	94.1	1,25,793	1.1	4,16,550	3.5	1,55,245	1.3
	2023	1,31,51,571	96.1	1,01,465	0.7	2,90,414	2.1	1,43,351	1.0

टिप्पणियां: 1. *: सकल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में।
2. **: अनुसूचित एसएफबी को संदर्भित करता है।
स्रोत: परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

IV.30 वर्ष 2022-23 के दौरान सभी बैंक समूहों में मानक आस्तियों और कुल अग्रिमों के अनुपात में वृद्धि कायम रही। एसएफबी को छोड़कर सभी बैंक समूहों के एनपीए की राशि में कमी आई (सारणी IV.11)।

IV.31 कुल अग्रिमों में बड़े उधार खातों (₹5 करोड़ और उससे अधिक के कुल एक्सपोज़र वाले खाते) की हिस्सेदारी मार्च 2023 के अंत में घटकर 46.4 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 47.8 प्रतिशत थी। वर्ष के दौरान कुल एनपीए में उनका हिस्सा भी 64.0 प्रतिशत से घटकर 53.9 प्रतिशत हो गया। बैंक समूहों के समग्र और बड़े उधार खातों के लिए एसएमए-1 और एसएमए-2 अनुपात - जो संभावित दबाव का संकेत देते हैं – में गिरावट आई (चार्ट IV.14)।

चार्ट IV.14: समग्र दबाव की तुलना में बड़े उधार खातों में दबाव
(मार्च के अंत में)



टिप्पणी: बड़े उधार खातों और समग्र खातों के अनुपात की गणना उनकी संबंधित बकाया राशि के प्रतिशत के रूप में की जाती है।
स्रोत: बड़े ऋण से संबंधित केंद्रीय सूचना भंडार (सीआरआईएलसी) डेटाबेस और परोक्ष विवरणियां।

IV.32 पीछे मुड़कर देखें तो, औद्योगिक क्षेत्र के बड़े कर्जदारों और फर्मों पर कोविड-19 महामारी का प्रभाव शुरुआती आशंका से कम था। इसके अलावा, फर्मों और क्षेत्रकों पर प्रभाव अल्पकालिक था (बॉक्स IV.1)।

बॉक्स IV.1: कोविड-19 का उधारकर्ताओं पर हानिकारक प्रभाव

उधारकर्ता की डिफ़ॉल्ट संभावनाएं, फर्म-विशेष विशेषताओं, जैसे लीवरेज, लाभप्रदता, तरलता, हालिया बिक्री प्रदर्शन, निवेश नीति के साथ-साथ डिफ़ॉल्ट इतिहास (बॉनफिम, 2008 और फुकुदा और अन्य, 2008) से प्रभावित होती हैं। बड़े उत्पादन घाटे और व्यवधानों के साथ-साथ कोविड-19 जैसे एक बड़े समष्टि-आर्थिक आघात ऋण चुकौती पर बड़े प्रभाव डाल सकते हैं। बड़े ऋण से संबंधित केंद्रीय सूचना भंडार (सीआरआईएलसी) में उपलब्ध बैंक उधारकर्ता स्तर के डेटा का जून 2018 से मार्च 2022 की अवधि के लिए तिमाही आधार पर फर्म-स्तरीय डेटा के साथ मिलान

(जारी)

किया गया[7]। इस बैंक-फर्म-समय स्तरीय डेटाबेस का उपयोग करते हुए, निम्नलिखित पैनल विशिष्ट प्रभाव रैखिक संभाव्यता मॉडल का अनुमान लगाया गया:

$$Y_{ibt} = \alpha + \beta_1 Covid_t + \beta_2 FirmChar_{it} + \beta_3 Covid_t * FirmChar_{it} + \beta_4 ACS_t + \beta_5 X_{it} + \mu_i + \epsilon_{it}$$

यहां आश्रित वैरिएबल (Y_{ibt}) एक डमी वैरिएबल है जिसका मान 1 है, यदि किसी *i* का फर्म का तिमाही *t* में बैंक *b* से ऋण डाउनग्रेड किया गया है, और अन्यथा 0 है। इस प्रकार, मानक से लेकर विशेष उल्लेख खातों सहित, t-1 से अवधि t में किसी भी गिरावट को डाउनग्रेड माना जाता है। $Covid_t$ एक डमी वेरिएबल है जो महामारी के बाद की अवधि में, यानी, मार्च 2020 से 1 का मान लेता है, और अन्यथा 0 का मान लेता है। $FirmChar_{it}$ फर्म की विशेषताओं, अर्थात् उसके क्षेत्रक और आकार (कुल आस्ति का लॉग) का प्रतिनिधित्व करता है, जो प्रतीपगमन में वैकल्पिक रूप से उपयोग किया जाता है[8]। ACS_t, आस्ति वर्गीकरण स्टैंडस्टिल का प्रतिनिधित्व करते हुए, मार्च 2020 और जून 2020 के लिए 1 का मान लेता है। X_{it} अन्य फर्म-स्तरीय नियंत्रणों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें लाभप्रदता (कर-पश्चात-लाभ और आय अनुपात), चलनिधि (वर्तमान अनुपात) और लीवरेज (कर्ज़ और आस्ति अनुपात) शामिल हैं[9]।

आँकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आस्ति वर्गीकरण स्टैंडस्टिल अवधि के दौरान एक विशिष्ट फर्म के डाउनग्रेड होने की संभावना कम थी, लेकिन व्यवस्था वापस लेने के बाद यह बढ़ गई। बेसलाइन विनिर्देश से पता चलता है कि बड़ी, अधिक लाभदायक, अत्यधिक तरल और कम लाभ वाली फर्मों में डाउनग्रेड की संभावना कम थी (मॉडल 1)। फर्म की विशिष्ट विशेषताओं के साथ कोविड-19 डमी की संगति से पता चलता है कि बड़ी कंपनियां महामारी के नकारात्मक प्रभाव को बेहतर ढंग से सहन कर सकती हैं और महामारी के बाद की अवधि में डाउनग्रेड की संभावना अपेक्षाकृत कम थी (मॉडल 2)। सेवा क्षेत्र की कंपनियों की तुलना में, औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों में कोविड के बाद रेटिंग में गिरावट की संभावना अपेक्षाकृत कम थी, जो उद्योग के सापेक्ष सेवाओं पर महामारी के अधिक प्रभाव को दर्शाता है (मॉडल 3)।

संक्षेप में, हालांकि कोविड-19 के तत्काल बाद डाउनग्रेड की संभावना बढ़ गई, लेकिन बड़ी फर्मों और औद्योगिक क्षेत्र की फर्मों पर प्रभाव अपेक्षाकृत कम था। इस प्रकार, महामारी का असर अस्थायी था, जिसे अग्रसक्रिय मौद्रिक, विनियामक और राजकोषीय समर्थन द्वारा कम किया गया।

सारणी IV.1.1: प्रतीपगमन परिणाम

	आश्रित वैरिएबल (Y) = डाउनग्रेड की संभावना		
	(1)	(2)	(3)
कोविड	0.0103***	0.0202***	0.0160***
	(0.0028)	(0.0074)	(0.0031)
एसीएस	-0.0180***	-0.0182***	-0.0181***
	(0.0048)	(0.0049)	(0.0049)
पीएटी आय अनुपात	-0.0132***	-0.0132***	-0.0136***
	(0.0018)	(0.0018)	(0.0018)
वर्तमान अनुपात	-0.0024***	-0.0025***	-0.0019**
	(0.0008)	(0.0008)	(0.0007)
ऋण-आस्ति अनुपात	0.0553***	0.0552***	0.0530***
	(0.0070)	(0.0069)	(0.0070)
लॉग एसेट्स	-0.0093***	-0.0086***	-0.0091***
	(0.0024)	(0.0025)	(0.0025)
कोविड* लॉग एसेट्स		-0.0011*	
		(0.0006)	
कोविड* क्षेत्रक			-0.0075***
			(0.0017)
स्थिरांक	0.1010***	0.0946***	0.0987***
	(0.0215)	(0.0225)	(0.0215)
फर्म विशिष्ट प्रभाव	हां	हां	हां
प्रेक्षण	396,984	396,984	388,923
आर-वर्गकृत	0.129	0.129	0.129

कोष्ठक में उल्लेखनीय मानक त्रुटियां
*** पी<0.01, ** पी<0.05, * पी<0.1
टिप्पणी: मानक त्रुटियों को बैंक स्तर पर समूहीकृत किया जाता है और हेटरोसेडेसिटी के लिए समायोजित किया जाता है।

संदर्भ :

Bonfim, D. (2008), "Credit Risk Drivers: Evaluating the Contribution of Firm Level Information and of Macroeconomic Dynamics", *Journal of Banking and Finance*, 33(2): 281-299.

Fukuda, S., Kasuya, M. and Akashi, K. (2008), "Impaired Bank Health and Default Risk", *Pacific-Basin Finance Journal*, 17(2):145-162.

IV.33 कोविड-19 से संबंधित व्यवधानों के प्रत्युत्तर में घोषित रिज़र्व बैंक के समाधान ढांचे 1.0 और 2.0 के बाद, 2021-22 में पुनर्गठित खातों की संख्या चरम पर पहुंच गई। इस विशेष व्यवस्था के समाप्त होने के साथ, 2022-23 में वे कम हुए (चार्ट IV.15ए)। पीवीबी के नेतृत्व में, सकल ऋण और अग्रिमों में पुनर्गठित मानक अग्रिमों (आरएसए) का हिस्सा मार्च 2022 के अंत में 1.8 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 के अंत में 1.2 प्रतिशत हो गया (चार्ट IV.15 बी)।

[7] सीएमआईई प्रोवेस डेटाबेस में फर्म स्तर का डेटा उपलब्ध है। वार्षिक प्रोवेस डेटा के साथ त्रैमासिक सीआरआईएलसी डेटा के मिलान के लिए, एक वित्तीय वर्ष में सभी तिमाहियों के लिए वार्षिक मूल्यों को दोहराया गया था।

[8] सेक्टर एक डमी वैरिएबल है जिसका मान उद्योग के लिए 1 और सेवाओं के लिए 0 है।

[9] रिज़र्व बैंक ने उन खातों के लिए मार्च 2020 से 6 महीने की आस्ति वर्गीकरण स्थिरता लागू की, जिन्हें ऋण- स्थगन या आस्थगन दिया गया था और 1 मार्च 2020 तक मानक थे।

चार्ट IV.15: पुनर्रचना



स्रोत: सीआरआईएलसी डेटाबेस और परोक्ष विवरणियां।

4.4 वसूली

IV.34 कई चैनलों के बीच, जिनके माध्यम से बैंक अपनी दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान करते हैं, ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) में 2022-23 के दौरान संदर्भित मामलों की संख्या और इसमें शामिल राशि में सबसे अधिक वृद्धि दर देखी गई। पिछले वर्ष में तेज वृद्धि के बाद, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम के तहत मामलों के साथ-साथ सम्मिलित राशि में भी कमी आई। 2022-23 में वसूली गई कुल राशि में 43.0 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) वसूली का प्रमुख माध्यम बनी रही और वसूली दर में भी सुधार हुआ (सारणी IV.12)।

IV.35 विभिन्न समाधान तंत्रों के माध्यम से वसूली के अलावा, बैंक आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (एआरसी) को एनपीए की बिक्री कर भी अपने तुलन पत्र को बेहतर बनाते हैं। 2022-23 में एआरसी को बिक्री बढ़ी, जो आंशिक रूप से नव संचालित

सारणी IV.12: विभिन्न माध्यमों से एससीबी के एनपीए की वसूली

(राशि ₹ करोड़ में)

वसूली माध्यम	2021-22				2022-23 (पी)			
	संदर्भित मामलों की संख्या	शामिल राशि	वसूली गई राशि*	कॉलम (3) के प्रतिशत के रूप में कॉलम (4)	संदर्भित मामलों की संख्या	शामिल राशि	वसूली गई राशि*	कॉलम (7) के प्रतिशत के रूप में कॉलम (8)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
लोक अदालतें	85,06,741	1,19,006	2,778	2.3	1,42,49,462	1,88,527	3,831	2.0
डीआरटी	30,651	68,956	12,035	17.5	58,073	4,02,636	36,924	9.2
सरफेसी एक्ट	2,49,645	1,21,718	27,349	22.5	1,85,397	1,11,805	30,864	27.6
आईबीसी @ #	891	1,97,959	47,409	23.9	1,261	1,33,930	53,968	40.3
कुल	**87,87,928**	**5,07,639**	**89,571**	**17.6**	**1,44,94,193**	**8,36,898**	**1,25,587**	**15.0**

टिप्पणियां : 1. पी: अनंतिम।
2. *: दिए गए वर्ष के दौरान वसूल की गई राशि को संदर्भित करता है, जो दिए गए वर्ष के दौरान और साथ ही पिछले वर्षों के दौरान संदर्भित मामलों के संदर्भ में हो सकता है।
3. @: कॉलम 2 और 6 के डेटा आईबीसी के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा स्वीकार किए गए मामले।
4. #: कॉलम 3 से 5 और 7 से 9 वित्तीय ऋणदाताओं से संबंध रखते हैं। इसमें 2021-22 और 2022-23 के दौरान क्रमश: 147 और 184 समाधान योजना शामिल हैं।

स्रोत: परोक्ष विवरणियां, आरबीआई और भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई)।

चार्ट IV.16: एआरसी को दबावग्रस्त आस्ति की बिक्री



स्रोत: एआरसी द्वारा प्रस्तुत त्रैमासिक विवरणी और परोक्ष विवरणियां (घरेलू परिचालन), आरबीआई।

राष्ट्रीय आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) को बेची गई आस्तियों को दर्शाती है। 2022-23 के दौरान, एससीबी के जीएनपीए के पिछले वर्ष के स्टॉक का 9.7 प्रतिशत एआरसी को बेचा गया था, जबकि 2021-22 में केवल 3.2 प्रतिशत बेचा गया था (चार्ट IV.16 ए)। दूसरी ओर, आस्तियों के बही मूल्य के अनुपात के रूप में एआरसी की अधिग्रहण लागत मार्च 2022 के अंत में 33 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 के अंत में 29.8 प्रतिशत हो गई (चार्ट IV.16बी)।

IV.36 बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा सब्सक्राइब किए गए एसआर का हिस्सा मार्च 2021 के अंत में 65.4 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 के अंत में 60.6 प्रतिशत हो गया है। पूरी तरह से भुनाए गए एसआर की राशि, जो इस मोड के माध्यम से वसूली का एक संकेतक है, वर्ष के दौरान और बढ़ गई (सारणी IV.13)।

4.5 बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी

IV.37 धोखाधड़ी बैंकों के लिए प्रतिष्ठा, परिचालन और व्यावसायिक जोखिम का कारण बनती है और वित्तीय स्थिरता को खतरा उत्पन्न करने के साथ-साथ बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों के विश्वास को कम करती है। 2022-23 के दौरान, बैंकों द्वारा सूचित धोखाधड़ी की कुल राशि घटकर छह साल के निचले स्तर पर आ गई, जबकि धोखाधड़ी में शामिल औसत राशि एक दशक में सबसे कम थी (परिशिष्ट सारणी IV.7)। 2023-24 की पहली छमाही में, हालांकि एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में धोखाधड़ी की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन इसमें शामिल राशि पिछले वर्ष की राशि का केवल 14.9 प्रतिशत थी (सारणी IV.14)।

सारणी IV.13: एआरसी द्वारा प्रतिभूतिकृत वित्तीय आस्तियों का विवरण

(मार्च अंत तक)

(राशि ₹ करोड़ में)

	2021	2022	2023
1	2	3	4
रिपोर्टिंग एआरसी की संख्या	28	29	28
1. अर्जित आस्तियों का खाता बही मूल्य	5,60,492	6,38,008	8,48,119
2. एससी/आरसी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीद	1,79,560	2,04,844	2,46,290
3. द्वारा अभिदत्त प्रतिभूति रसीदें			
(ए) विक्रेता बैंक / वित्तीय संस्थान	1,17,551	1,28,007	1,49,253
(बी) एससी/आरसी	35,522	41,353	49,519
(सी) एफआईआई	11,427	15,069	19,383
(डी) अन्य (पात्र संस्थागत क्रेता)	15,060	20,415	28,135
4. पूरी तरह भुनाई गई प्रतिभूति रसीदों की राशि	25,223	31,331	41,058
5. बकाया प्रतिभूति रसीदें	1,19,413	1,25,373	1,39,423

टिप्पणियां: 1. तिमाही के अंत में कुल (संचयी/स्टॉक की संख्या)।
2. *एससी* - प्रतिभूतिकरण कंपनियां और आरसी - पुनर्निर्माण कंपनियां।

स्रोत: एआरसी द्वारा प्रस्तुत त्रैमासिक विवरण।

सारणी IV.14: रिपोर्टिंग की तारीख के आधार पर विभिन्न बैंकिंग परिचालनों में धोखाधड़ी

(राशि ₹ करोड़ में)

परिचालन क्षेत्र	2020-21		2021-22		2022-23		2022-23 (अप्रैल-सितं)		2023-24 (अप्रैल-सितं)	
	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
अग्रिम	3,401	1,17,018	3,789	43,512	4,101	25,177	1,998	16,968	1,139	1,765
तुलन-पत्र से बाहर	23	535	21	1,077	15	298	5	283	4	73
विदेशी मुद्रा लेनदेन	4	129	7	7	13	12	10	3	5	5
कार्ड/इंटरनेट	2,545	119	3,596	155	6,699	277	2,321	87	12,069	630
जमा	504	434	471	493	652	258	270	135	915	103
अंतर-शाखा खाते	2	0	3	2	3	0	2	0	0	0
नकद	329	39	649	93	1,485	159	589	81	210	31
चेक/डीडी, आदि।	163	85	201	158	118	25	73	12	60	14
समाशोधन खाते, आदि।	14	4	16	1	18	3	11	2	2	0
अन्य	278	54	300	100	472	423	117	114	79	21
कुल	**7,263**	**1,18,417**	**9,053**	**45,598**	**13,576**	**26,632**	**5,396**	**17,685**	**14,483**	**2,642**

टिप्पणियाँ: 1. ₹1 लाख और उससे अधिक की धोखाधड़ी को संदर्भित करता है।
2. बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े उनके द्वारा दायर किए गए संशोधनों के आधार पर परिवर्तन के अधीन हैं।
3. एक वर्ष में रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग उस वर्ष से कई वर्ष पहले की भी हो सकती है।
4. इसमें शामिल राशि रिपोर्ट के अनुसार है और नुकसान की राशि को प्रतिबिंबित नहीं करती है। वसूलियों के आधार पर होने वाला नुकसान कम हो जाता है। इसके अलावा, ऋण खातों में शामिल पूरी राशि को दूसरे काम में नहीं लगाया जा सकता है।

स्रोत : आरबीआई।

IV.38 धोखाधड़ी की घटना की तारीख के आधार पर, 2022-23 के दौरान इसमें शामिल औसत राशि में गिरावट आई, जिसमें कार्ड या इंटरनेट से संबंधित धोखाधड़ी के मामलों की प्रमुखता है (सारणी IV.15)।

IV.39 पीवीबी द्वारा सूचित धोखाधड़ी के मामलों की संख्या कुल का 66.2 प्रतिशत है (चार्ट IV.17ए)। हालांकि, इसमें शामिल राशि के दृष्टिकोण से, पीएसबी का हिस्सा सबसे अधिक था (चार्ट IV.17बी)। जबकि पीएसबी में अधिकांश धोखाधड़ी

सारणी IV.15: घटना की तारीख के आधार पर विभिन्न बैंकिंग परिचालनों में धोखाधड़ी

(राशि ₹ करोड़ में)

परिचालन क्षेत्र	2020-21 के पहले		2020-21		2021-22		2022-23		2023-24 (अप्रैल-सितं)	
	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि	धोखाधड़ी की संख्या	शामिल राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
अग्रिम	7,530	1,69,225	1,710	10,660	1,688	6,469	1,303	1,094	199	26
तुलन-पत्र से बाहर	47	1,848	11	109	2	27	3	0	0	0
विदेशी मुद्रा लेनदेन	3	128	4	2	9	8	11	16	2	0
कार्ड/इंटरनेट	981	100	2,504	134	4,230	143	9,812	520	7382	285
जमा	533	456	430	569	422	106	551	124	606	34
अंतर-शाखा खाते	3	0	3	2	1	0	1	0	0	0
नकद	128	27	479	61	931	101	1011	112	124	19
चेक/डीडी, आदि।	98	62	165	164	167	29	88	19	24	7
समाशोधन खाते, आदि।	13	1	9	3	17	4	10	0	1	0
अन्य	285	138	275	124	192	66	352	261	25	6
कुल	**9,621**	**1,71,985**	**5,590**	**11,828**	**7,659**	**6,953**	**13,142**	**2,146**	**8,363**	**377**

टिप्पणियाँ: 1. ₹1 लाख और उससे अधिक की धोखाधड़ी को संदर्भित करता है।
2. बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े उनके द्वारा दायर किए गए संशोधनों के आधार पर परिवर्तन के अधीन हैं।
3. एक वर्ष में रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग उस वर्ष से कई वर्ष पहले की भी हो सकती है।

स्रोत: आरबीआई।

चार्ट IV.17: बैंक समूह-वार धोखाधड़ी



टिप्पणियाँ: 1. रिपोर्टिंग की तारीख के आधार पर धोखाधड़ी।
2. अन्य में समाशोधन खाते, विदेशी मुद्रा लेनदेन, अंतर-शाखा खाते, अनिवासी खाते, तुलन पत्र से इतर शामिल हैं।
स्रोत: आरबीआई।

अग्रिमों से संबंधित थी, तो वहीं पीवीबी में अधिकांश मामलों में यह कार्ड/ इंटरनेट और नकदी से संबंधित थे (चार्ट IV.17सी)।

4.6 प्रवर्तन कार्रवाई

IV.40 2022-23 के दौरान विनियमित संस्थाओं (आरई) पर लगाए गए दंड के मामलों में वृद्धि सहकारी बैंकों में सर्वाधिक हुई थी। पीएसबी और पीवीबी दोनों के लिए, वर्ष के दौरान उनमें गिरावट आई। पीवीबी के लिए प्रति उदाहरण औसत जुर्माना सबसे अधिक था (सारणी IV.16)।

5. क्षेत्रक-वार बैंक ऋण और एनपीए

IV.41 2022-23 के दौरान सकल बैंक ऋण में तेजी व्यतिगत ऋण और सेवा क्षेत्र को दिए गए ऋण के कारण थी। व्यक्तिगत

सारणी IV.16: प्रवर्तन कार्रवाई

विनियमित संस्थाएं	2021-22		2022-23	
	जुर्माना लगाने के उदाहरण	कुल जुर्माना (₹ करोड़)	जुर्माना लगाने के उदाहरण	कुल जुर्माना (₹ करोड़)
1	2	3	4	5
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	13	17.6	7	3.7
निजी क्षेत्र का बैंक	16	29.4	7	12.2
सहकारी बैंक	145	12.1	176	14.0
विदेशी बैंक	4	4.3	5	4.7
भुगतान बैंक	-	-	-	-
लघु वित्त बैंक	1	1.0	2	1.0
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	-	-	1	0.4
एनबीएफसी	10	1.0	11	4.4
एचएफ़सी	-	-	2	0.1
कुल	**189**	**65.3**	**211**	**40.4**

स्रोत: आरबीआई।